(23)

सेवा में,

श्रीमान लोक सूचना अधिकारी
भारतीय वन्यजीव संस्थान
चन्द्रबनी, देहरादून।

विषयः सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत सूचना प्राप्त करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

निवेदन इस प्रकार है कि प्रार्थी आपके विभाग से दिनांक 30 जून 2015 को सहायक ग्रेड–2 के पद से सेवानिवृत्त हुआ था। प्रार्थी सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत निम्न सूचनायें प्राप्त करना चाहता है।

1. यह कि प्रार्थी दिनांक 30 जून 2015 को सहायक ग्रेड–2 के पद से ग्रेड पे 2800/– पर सेवानिवृत्त हुआ था। विभाग द्वारा प्रार्थी से जूनियर श्री योगेश भट्ट सहायक ग्रेड–2 एवं श्री प्रद्योत मुखर्जी सहायक ग्रेड–2 को वर्ष 2013 में सहायक ग्रेड–1 के पद पर पदोन्नत किया गया। प्रार्थी से जूनियर कर्मचारियों को प्रार्थी से ऊपर वरीयता देते हुए उपरोक्त कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया कृपया इस सम्बन्ध में स्पष्ट, सत्य एवं विस्तृत सूचना प्रदान करें कि किस आधार पर उपरोक्त दोनों कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गई एवं पदोन्नति के फलस्वरूप उनको दिये गये पत्र की प्रमाणित छाया प्रति भी प्रदान करें।
2. यह कि बिन्दु संख्या 1 के क्रम में कृपया सूचना प्रदान करें कि प्रार्थी को पदोन्नति किस आधार पर प्रदान नहीं की गई सूचना विस्तृत, सत्य एवं सुस्पष्ट प्रदान करें।
3. यह कि वर्ष 2012 एवं 2013 की वरिष्ठता सूची प्रमाणित छाया प्रति प्रदान करें।
4. यह कि वर्ष 2013 में जिन कर्मचारियों को पदोन्नतियाँ प्रदान की गई उन कर्मचारियों की प्रमाणित सूची प्रदान करें जिसमें कर्मचारी का नाम, उनका उस समय का पद, जिस पद पर पदोन्नति प्रदान की गई एवं ग्रेड पे की सूचना अंकित हो।

Received.
Pls prepare note
19/03/2020
Jyoti Nautiyal

Received on 11/May/2020

WILDLIFE INSTITUTE OF INDIA
Right to Information Act, 2005
Apl. No. 01 Qtr. I Year 2020
Fee Depl. Inward Date 11/May

27

5. यह कि प्रार्थी ने दिनांक 20—01—2020 को आपके विभाग में पदोन्नति प्रदान किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया था उस प्रार्थना पत्र पर विभाग द्वारा जो भी कार्यवाही की गई उसकी स्पष्ट एवं विस्तृत सूचना प्रदान करने का कष्ट करें। (पत्र की छाया प्रति संलग्न)
6. यह कि प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम, पदनाम सहित कार्यालय के पूरे पते से अवगत करायें।

इस प्रार्थना पत्र के साथ 10/— रूपये का पोस्टल आर्डर संख्या 51एफ 045872 संलग्न है।

अतः महोदय से निवेदन है कि कृपया उपरोक्त सूचनायें प्रार्थी को अविलम्ब प्रदान करने की कृपा करें।

प्रार्थी

दिनांकः 18—03—2020

(राम कुमार)
236 अम्बेडकर कालोनी
डी0एल0 रोड, देहरादून।
मो0 7060475307